gradeup

# साप्ताहिक वन लाइनर्स

## 1th - 7th अक्टूबर 2020





# साप्ताहिक एक लाइनर अपडेटस

# 1-7 अक्टूबर 2020

**प्रिय पाठकों,**

यह साप्ताहिक एक लाइनर अपडेट **पहले सप्ताह** (1-7) **अक्टूबर** 2020 में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है। यह फाइल बैंक, बीमा, एसएससी जैसी प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण है।

## बैंकिंग एवं वित्तीय जागरुकता

**1.** किस बैंक ने पेपरलेस कार्य वातावरण को सक्षम बनाने हेतु "IB-eNote" नामक एक हरित पहल शुरू की_______**इंडियन बैंक।**

**नोट:**

- यह साधन विभिन्न कार्यालयों द्वारा दिए गए नोटों का प्रसंस्करण और निगरानी डिजिटल रूप से सक्षम बनाता है।
- इस पहल के लिए बैंक ने माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस की एक सुविधा शेयरप्वाइंट को विशिष्ट रूप से तैयार किया है।
- बैंक ने अपने कर्मचारियों के लिए एक ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म 'Ind Guru' भी लॉन्च किया।

**2.** ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने किस जनरल इंश्योरेंस कंपनी के साथ मिलकर ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी से संबंधित एक साइबर बीमा कवर शुरू किया है______**बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस।**

**नोट:**

- उत्पाद, 'डिजिटल सुरक्षा ग्रुप इंश्योरेंस' उन ग्राहकों की मदद करेगा जो विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म पर साइबर हमलों, साइबर धोखाधड़ी या ऐसी अन्य दुर्भावनापूर्ण गतिविधियों के फलस्वरूप होने वाली वित्तीय हानि से स्वयं को कवर करना चाहते हैं।

**3.** इंडियन फाइनेंशियल टेक्नोलॉजी एंड अलाइड सर्विसेज़ (IFTAS) के स्ट्रक्चर्ड फाइनेंशियल मैसेजिंग सिस्टम (SFMS) प्लेटफॉर्म पर लेटर ऑफ क्रेडिट / बैंक गारंटी संदेशों के साथ दस्तावेज आधान सुविधा की नई विशेषता लागू करने वाला पहला बैंक_______**IDBI बैंक।**

**नोट:**

- यह प्रक्रिया IDBI Intech द्वारा विकसित एक मिडलवेयर एप्लिकेशन "i@Connect-SFMS (CSFMS) के माध्यम से संचालित की जाएगी।
- "दस्तावेज आधान" की यह नई सुविधा बैंकों को LC/BG संदेशों के साथ 1MB साइज तक के "PDF" दस्तावेज पहुंचाने की कार्यक्षमता प्रदान करती है।
- इस सुविधा के माध्यम से, डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित दस्तावेजों का हस्तांरण होगा जो लेनदेन की विश्वसनीयता सुनिश्चित करता है।

**4.** किस ई-वॉलेट कंपनी ने भारतीय डेवलपर्स के लिए 'मिनी ऐप' स्टोर लॉन्च करने की घोषणा की_______**पेटीएम।**

**नोट:**

- मिनी ऐप एक तदनुकूल निर्मित मोबाइल वेबसाइट है जो यूजर्स को बिना डाउनलोड किए ही ऐप जैसा अनुभव प्रदान करती है।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- पेटीएम अपने मुख्य एप्लिकेशन पर एक नया सेक्शन जोड़ेगा जिसमें इस मिनी ऐप को सूचीबद्ध किया जाएगा और पेटीएम ऐप उपयोगकर्ताओं इसका उपयोग कर सकते हैं।

**5.** किस बैंक ने तमिलनाडु में मछुआरों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड ऋण योजना शुरू की है_______ **इंडियन बैंक।**

**नोट:**

- इस योजना की विशेषताओं में 2 लाख तक के आवर्ती ऋण की उपलब्धता, 7 प्रतिशत ब्याज दर, एक वर्ष की अवधि में ऋण चुकाने वालों के लिए 3 प्रतिशत का ब्याज परिदान शामिल है।
- ऋण को एक वर्ष में एक बार नवीनीकृत किया जा सकता है। क्रेडिट और डेबिट लेनदेन संख्याओं पर कोई प्रतिबंध नहीं है।

**6.** किस बैंक ने वित्तीय समावेशन और साक्षरता पहल 'ग्राम संपर्क अभियान' शुरू की है _______ **पंजाब नेशनल बैंक।**

**नोट:**

- राष्ट्रव्यापी अभियान कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने शुरू किया।
- अभियान चार प्रमुख विषयों: डिजिटल, क्रेडिट, सामाजिक सुरक्षा और वित्तीय साक्षरता पर केंद्रित है, जो विभिन्न गतिविधियों को बढ़ावा देगा और 'आत्मानिर्भर भारत' के अभिलषित विषय को निर्धारित करेगा।

**7.** किस बैंक ने लघु व्यवसायों का समर्थन करने के लिए कार्यक्रम 'MSME Prerana' लॉन्च किया________ **इंडियन बैंक।**

**नोट:**

- 'MSME Prerana' उद्यमियों को व्यावसायिक कौशल, संचार, क्रेडिट मूल्यांकन में प्रशिक्षित करेगा।
- कार्यक्रम वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा शुरू किया गया जिसका उद्देश्य पूरे भारत में लघु व्यवसायों के 1,500 उद्यमियों की सहायता करना है।
- कार्यक्रम इंडियन बैंक के कोयम्बटूर क्लस्टर के लिए तमिल में शुरू होगा और बाद में पूरे देश में आयोजित होगा।

**8.** किस भारतीय बहुराष्ट्रीय कंपनी ने कार्बन कैप्चर, यूटिलाइजेशन एंड स्टोरेज (CCUS) के क्षेत्र में सहयोग हेतु वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं_________ **टाटा स्टील।**

**नोट:**

- समझौता ज्ञापन के अनुसार, वे इस्पात उद्योग में CCUS प्रौद्योगिकियों के विकास और प्रस्तरण में तेजी लाने की दिशा में काम करेंगे।
- ये प्रौद्योगिकियां अन्य कार्बन-सघन क्षेत्रों जैसे कि बिजली, सीमेंट और उर्वरक आदि में एक विकार्बनीकृत अर्थव्यवस्था के लिए अवस्थांतर में तेजी लाएंगी।

**9.** भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) द्वारा केंद्र सरकार हेतु वित्त वर्ष की दूसरी छमाही के लिए स्थापित अर्थोपाय ऋण (WMA) सीमा_______ **1.25 लाख करोड़ रुपये।**

**नोट:**

- केंद्रीय बैंक ने आगे कहा कि जब सरकार WMA सीमा का 75 प्रतिशत उपयोग करती है तो यह बाजार ऋणों की नई प्रतिभूतियों के विपणन को शुरू कर सकती है।
- इस बीच, वित्त मंत्रालय ने कहा कि सरकार चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में देश की अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रहे कोविड-19 संकट के बीच अपनी व्यय आवश्यकता को पूरा करने के लिए 4.34 लाख करोड़ रुपये उधार



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

लेगी। इसके साथ ही सरकार ने बजट 2020-21 में स्वीकृत 7.8 लाख करोड़ रुपये के सामने मई में उधार के लक्ष्य को संशोधित कर 12 लाख करोड़ रुपये कर दिया।

**10.** किस बैंक ने अपने व्यापार साझेदारों को कॉर्पोरेट समाधान प्रदान करने के लिए FMCG कंपनी हिंदुस्तान यूनिलीवर के साथ साझेदारी की है______**भारतीय स्टेट बैंक।**

**नोट:**

- साझेदारी का उद्देश्य चैनल भागीदारों के लिए ऋण प्राप्ति को आसान बनाना है, खुदरा विक्रेताओं और वितरकों को UPI आधारित भुगतान समाधान तथा PoS टर्मिनल प्रदान करना है।
- साझेदारी का उद्देश्य ऋण का विस्तार करना है और यह मुंबई तथा बेंगलुरु में एक प्रारंभिक कार्यक्रम की शुरुआत करेगा।

**11.** SBI कार्ड ने भारत में उपभोक्ताओं को वैश्विक वित्तीय लाभ और विशेषाधिकार प्रदान करने के लिए किस वैश्विक वित्तीय कंपनी के साथ करार किया है _______**अमेरिकन एक्सप्रेस।**

**नोट:**

- इस समझौते के तहत, SBI कार्ड के सभी उत्पाद SBI कार्ड ELITE और SBI कार्ड PRIME अमेरिकन एक्सप्रेस के वैश्विक नेटवर्क पर उपलब्ध होंगे।
- ग्राहकों को विंबलडन और यूएस ओपन जैसे खेल और मनोरंजन कार्यक्रमों का प्री-टिकटिंग एक्सेस भी मिलेगा जो वर्तमान में वर्चुअली उपलब्ध है।

**12.** RBI ने कोविड अनिश्चितता के बीच बेसल III प्रावधानों के कार्यान्वयन को कब तक टाल दिया है_______ **1 अप्रैल, 2021।**

**नोट:**

- दो अलग-अलग सूचनाओं में, RBI ने कहा कि यह पूंजी संरक्षण बफर (CCB) के अंतिम चरण और नेट स्टेबल फंडिंग अनुपात के कार्यान्वयन को छह महीने तक टाल देगा।
- RBI ने बैंकों से चरणों में 2.5% CCB बनाने को कहा था। 0.625% का अंतिम चरण 30 सितंबर 2020 से लागू किया जाना था। इसे 1 अप्रैल, 2020 तक के लिए टाल दिया गया है।
- RBI ने इससे पहले कार्यान्वयन को 31 मार्च 2020 से छह महीने तक स्थगित कर दिया था।

**13.** किस बैंक ने मुंबई मेट्रो और दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (RRTS) परियोजना के लिए ऋण को मंजूरी दी है_______**न्यू डेवलपमेंट बैंक।**

**नोट:**

- मुंबई मेट्रो रेल- II परियोजना के लिए 241 मिलियन डॉलर के ऋण का उपयोग मुंबई में 14.47 किलोमीटर लंबाई वाली मेट्रो रेल लाइन 6 को लागू करने के लिए किया जाएगा।
- दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ RRTS परियोजना के लिए 500 मिलियन डॉलर का ऋण स्वीकृत किया गया है।

**14.** इंडियन बैंक ने कहां पर मछुआरों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड ऋण योजना शुरू की है______ **तमिलनाडु।**

**नोट:**

- इस योजना की विशेषताओं में 2 लाख तक के आवर्ती ऋण की उपलब्धता, 7 प्रतिशत ब्याज दर, एक वर्ष की अवधि में ऋण चुकाने वालों के लिए 3 प्रतिशत का ब्याज परिदान शामिल है।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- ऋण को एक वर्ष में एक बार नवीनीकृत किया जा सकता है।
- क्रेडिट और डेबिट लेनदेन की संख्या पर कोई प्रतिबंध नहीं है।

## श्रद्धांजलियां

1. प्रसिद्ध व्यक्ति डॉ. जी.एस. अमूर का हाल ही में निधन हो गया, वह किस पेशे से थे_______ **लेखन।**

   **नोट:**

   - अनुभवी लेखक और समीक्षक डॉ. जी.एस. अमूर का निधन हो गया। वे कन्नड़ और अंग्रेजी भाषाओं में निपुण थे।
   - उन्होंने साहित्य अकादमी पुरस्कार, राज्योत्सव पुरस्कार और भारतीय भाषा पुरस्कार सहित कई पुरस्कार जीते थे।
2. प्रख्यात महिला पुष्पा भावे का लंबी बीमारी के बाद मुंबई में निधन हो गया, वह एक अनुभवी थीं ______ **सामाजिक कार्यकर्ता।**

   **नोट:**

   - वह अपने विद्यार्थी जीवन से ही राष्ट्र सेवा दल और लोकतांत्रिक आंदोलनों से जुड़ी रही है।
   - वह एक शिक्षाविद और बुद्धिजीवी भी थीं, जिन्होंने आम नागरिकों के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी।
   - आपातकाल के दौरान, उन्होंने गुप्त राजनीतिक कार्यकर्ताओं को आश्रय देने के लिए अपना घर प्रदान किया था।
3. प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ प्रदीप महारथी का निधन हो गया, वह किस राज्य के पूर्व मंत्री थे _______ **ओडिशा।**

   **नोट:**

   - वह 1985 से 2019 के अंतिम विधानसभा चुनाव तक लगातार सात बार पिपिली निर्वाचन क्षेत्र से विधानसभा के लिए चुने गए।
   - 2000 में सत्तारूढ़ बीजू जनता दल में शामिल होने से पहले, वह जनता दल में थे और पूर्व मुख्यमंत्री बीजू पटनायक के निष्ठावान अनुयायी थे।
4. न्यायमूर्ति अनंतकुमार सुरेंद्रराय दवे का हाल ही में निधन हो गया, वह कहां के पूर्व कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश थे _______ **गुजरात उच्च न्यायालय।**

   **नोट:**

   - न्यायमूर्ति दवे को वर्ष 2004 में गुजरात उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया था और उन्हें 2006 में स्थायी किया गया।
   - उन्हें 14 नवंबर, 2018 को गुजरात उच्च न्यायालय का कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया और वह सितंबर 2019 में वर्तमान मुख्य न्यायाधीश विक्रम नाथ के पदभार संभालने तक पद पर बने रहे।
5. मिष्टी मुखर्जी का हाल ही में निधन हो गया, वह किस हेतु प्रसिद्ध थीं_________ **अभिनेत्री।**

   **नोट:**

   - अभिनेत्री मिष्टी मुखर्जी, जिन्होंने कई हिंदी, बंगाली और तेलुगु फिल्मों और संगीत वीडियो में अभिनय किया, का किडनी फेल होने के कारण निधन हो गया है। वह 27 वर्ष की थीं।
   - मुखर्जी ने बॉलीवुड में अपना पदार्पण वर्ष 2012 की रणवीर शौरी अभिनीत फिल्म "लाइफ की तो लग गई" में एक गेस्ट अपीरियंस से की थी।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

6. प्रख्यात व्यक्ति एम. गोपालकृष्णन का हाल ही में निधन हो गया, वे एक अनुभवी थे ___________ **बैंकर।**

**नोट:**

- इंडियन बैंक के पूर्व चेयरमैन और प्रबंध निदेशक एम. गोपालकृष्णन का एक निजी अस्पताल में बीमारी के कारण निधन हो गया। वह 86 वर्ष के थे।
- श्री गोपालकृष्णन 1958 में इंडियन बैंक में एक अवैतनिक अधिकारी के रूप में शामिल हुए। वह वर्ष 1988 में CMD बने और दिसंबर 1995 तक इस पद पर बने रहे। 1990 के दशक में, वह एक लोकप्रिय व्यक्ति थे और अक्सर चर्चा में रहते थे।

7. प्रख्यात व्यक्तित्व ए.वी. शेट्टी का हाल ही में निधन हो गया, वह अनुभवी थे _________**कार्डियोलॉजिस्ट।**

**नोट:**

- □ए.वी. शेट्टी को दक्षिण कन्नड़ जिले का प्रथम हृदय रोग विशेषज्ञ माना गया था। कर्नाटक में पहली ओपन हार्ट सर्जरी, जो यहां के सरकारी वेनलॉक अस्पताल में हुई, उसकी निगरानी में की गई। इसका संचालन डॉ. एस.आर. उल्लाल ने किया।

## महत्वपूर्ण दिवस

1. पहला विश्व पोस्टकार्ड दिवस कब मनाया गया______**1 अक्टूबर, 2020।**

**नोट:**

- विश्व पोस्टकार्ड दिवस का लक्ष्य इसके आनंद को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना है।
- एक पोस्टकार्ड मोटे कागज या पतले कार्डबोर्ड का एक टुकड़ा होता है, जो आम तौर पर आयताकार होता है, जो बिना लिफाफे के लिखने और मेल करने के काम आता है।
- पोस्टकार्ड के अध्ययन और संग्रह को डेलिटोलॉजी (deltiology) कहा जाता है।

2. अंतर्राष्ट्रीय कॉफी दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है__________ **1 अक्टूबर।**

**नोट:**

- अंतर्राष्ट्रीय कॉफी दिवस 2020 का केंद्र बिंदु 'कॉफीज नेक्स्ट जेनरेशन' है, जो कॉफी क्षेत्र में प्रतिभाशाली और प्रेरित युवाओं और उद्यमियों पर नियोजित एक वैश्विक पहल है।

3. अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है_________ **1 अक्टूबर।**

**नोट:**

- यह दिवस वृद्धावस्था एवं वृद्धजन दुर्व्यवहार जैसे बुजुर्गों को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर जागरूकता फैलाने हेतु हर वर्ष 1 अक्टूबर को मनाया जाता है।
- यह दिवस समाज में वृद्ध लोगों के योगदान की सराहना का प्रतीक भी है।
- 2020 का विषय है 'Pandemics: Do They Change How We Address Age and Ageing?'

4. विश्व शाकाहारी दिवस पूरे ग्रह पर प्रतिवर्ष मनाया जाता है___________**1 अक्टूबर।**

**नोट:**

- विश्व शाकाहार दिवस शाकाहारवाद के आनंद, करुणा और जीवन-वृद्धि संभावनाओं को बढ़ावा देने के लिए 1 अक्टूबर को मनाया जाता है।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- यह दिवस एक शाकाहारी आहार के बारे में जागरूकता फैलाने और इसे प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता है।

5. संयुक्त राष्ट्र (UN) का अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस मनाया जाता है________ **2 अक्टूबर।**
   **नोट:**
   - यह प्रख्यात भारतीय नेता महात्मा गांधी के जन्मदिन पर प्रतिवर्ष 2 अक्टूबर को आयोजित किया जाता है।
   - यह दिवस भारत में गांधी जयंती के रूप में मनाया जाता है।
   - इस दिवस का उद्देश्य "शिक्षा और जन जागरूकता सहित अहिंसा के संदेश का प्रसार करना है"।
6. विश्व पर्यावास दिवस प्रतिवर्ष किस तारीख को मनाया जाता है ________**5 अक्टूबर।**
   **नोट:**
   - यह दिवस लोगों को यह याद दिलाने के लिए मनाया जाता है कि उनके पास कस्बों और शहरों के भविष्य को संवारने की संपूर्ण शक्ति और जिम्मेदारी है।
   - प्रत्येक अक्टूबर का पहला सोमवार विश्व पर्यावास (Habitat) दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह संयुक्त राष्ट्र द्वारा नामित किया गया था।
7. प्रतिवर्ष 5 अक्टूबर को मनाए जाने वाले विश्व पर्यावास दिवस का विषय क्या है_______ **Housing for All-A better Urban Future.**
   **नोट:**
   - प्रत्येक अक्टूबर का पहला सोमवार विश्व पर्यावास (Habitat) दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह संयुक्त राष्ट्र द्वारा नामित किया गया था।
   - पहला विश्व पर्यावास दिवस 1986 में मनाया गया।
8. विश्व शिक्षक दिवस प्रतिवर्ष विश्व स्तर पर मनाया जाता है_______**5 अक्टूबर।**
   **नोट:**
   - यह दिवस दुनिया भर में शिक्षण पेशे की सराहना करने, उपलब्धियों को परखने और शिक्षकों की आवाज पर ध्यान आकर्षित करने का अवसर प्रदान करता है, जो किसी को पीछे न छोड़ने के वैश्विक शिक्षा लक्ष्य को हासिल करने के प्रयासों के केंद्र बिंदु हैं।
   - वर्ष 2020 में, विश्व शिक्षक दिवस “Teachers: Leading in crisis, reimagining the future” विषय के साथ शिक्षकों की प्रशंसा करेगा।

## नई नियुक्तियां

1. ऑनलाइन लाइव ट्यूटरिंग कंपनी वेदांतु का ब्रांड एंबेसडर किसे नियुक्त किया गया________**आमिर खान।**
   **नोट:**
   - ऑनलाइन लाइव ट्यूटरिंग कंपनी वेदांतु ने बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है।
   - अपने नए विज्ञापन अभियान के साथ वेदांतु का उद्देश्य भारत के सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के साथ हर घर में हर बच्चे के लिए गुणवत्तापूर्ण LIVE ऑनलाइन शिक्षा उपलब्ध कराना है।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

2. रियल एस्टेट डेवलपर, बंगाल पीयरलेस हाउसिंग डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड का ब्रांड एंबेसडर किसे नियुक्त किया गया________**सौरव गांगुली।**

**नोट:**

- कोलकाता स्थित रियल एस्टेट डेवलपर, बंगाल पीयरलेस हाउसिंग डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड ने पूर्व राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के कप्तान और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) के वर्तमान अध्यक्ष सौरव गांगुली को ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया।
- वह बंगाल पीयरलेस की आवास परियोजना अविदिप्ता II के अभियान का नेतृत्व करेंगे।

3. बेल्जियम का प्रधान मंत्री किसे चुना गया _____**अलेक्जेंडर डी क्रू।**

**नोट:**

- डी क्रू के फ्रेंच-भाषी समाजवादी प्रतिद्वंद्वी पॉल मैग्नेट ने पुष्टि की कि पार्टियों ने 44 वर्षीय वित्त मंत्री को प्रधानमंत्री पद के लिए चुना।
- पूर्व नेता चार्ल्स मिशेल की सरकार के पतन के बाद 21 महीनों तक बेल्जियम में किसी का बहुमत नहीं था, और संघीय चुनाव के संकट का समाधान करने में विफलता के 493 दिन बीत चुके हैं।

4. भारतीय स्टेट बैंक का मुख्य वित्तीय अधिकारी (CFO) किसे नियुक्त किया गया________**चरणजीत सुरिंदर सिंह अत्रा।**

**नोट:**

- भारतीय स्टेट बैंक (SBI) ने कहा कि चरणजीत सुरिंदर सिंह अत्रा को मुख्य वित्तीय अधिकारी (CFO) नियुक्त किया गया है।
- देश के सबसे बड़े सार्वजनिक क्षेत्र के ऋणदाता में शामिल होने से पहले, अत्रा ईवाई इंडिया में भागीदार और ICICI सिक्योरिटीज में वरिष्ठ कार्यकारी थे।

5. भारत सरकार द्वारा मौद्रिक नीति समिति (MPC) के सदस्यों के रूप में किन्हें नियुक्त किया गया________ **जयंत आर. वर्मा, बी. शशांक भिडे और सी. आशिमा गोयल।**

**नोट:**

- उनकी नियुक्तियों को प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल नियुक्ति समिति द्वारा मंजूरी दी गई।
- मौद्रिक नीति फ्रेमवर्क समझौते को अंतिम रूप देने के बाद 2016 में वर्तमान MPC को भारत सरकार द्वारा स्थापित किया गया था। फ्रेमवर्क ने मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण प्रारंभ किया।
- समिति में छह सदस्य होते हैं। जिनमें से तीन को भारत सरकार द्वारा मनोनीत किया जाता है, जैसा हाल ही में किया गया। एक सरकारी अधिकारी को समिति में नियुक्त नहीं किया जा सकता।

6. नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (BCAS) का महानिदेशक किसे नियुक्त किया गया _________ **एम.ए. गणपति।**

**नोट:**

- राकेश अस्थाना को अगस्त में सीमा सुरक्षा बल का महानिदेशक नियुक्त किए जाने के बाद BCAS प्रमुख का पद रिक्त हो गया था।
- मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने 29 फरवरी, 2024 को श्री गणपति की सेवानिवृत्ति तक के कार्यकाल के लिए BCAS महानिदेशक के पद पर उनकी नियुक्ति को मंजूरी दी।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

**7.** तीन वर्ष की अवधि के लिए भारतीय स्टेट बैंक का नया अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया ________ **दिनेश कुमार खारा।**

**नोट:**

- पूर्व डिप्टी MD एवं CFO प्रशांत कुमार को मार्च 2020 में यस बैंक का CEO नियुक्त किए जाने के बाद से पद रिक्त था।
- सी. वेंकट नागेश्वर अंतरिम रूप से पद पर कार्यरत थे।
- अत्रा वैश्विक परामर्श कंपनी ईवाई इंडिया में एक पूर्व भागीदार है और उन्होंने ICICI सिक्योरिटीज में CFO के रूप में भी काम किया था।

**8.** ट्विटर का नया सूचना सुरक्षा प्रमुख किसे नियुक्त किया गया _______**रिंकी सेठी।**

**नोट:**

- ट्विटर ने आईबीएम में एक पूर्व सूचना सुरक्षा कार्यकारी रिंकी सेठी को अपना मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी नियुक्त किया।
- सेठी पहले साइबर सुरक्षा कंपनी पालो अल्टो नेटवर्क्स में सूचना सुरक्षा उपाध्यक्ष थे।

## महत्वपूर्ण समाचार - भारत

**1.** केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री श्री डी.वी. सदानंद गौड़ा ने किस राज्य में किसानों के लिए POS 3.1 सॉफ्टवेयर, SMS गेटवे और उर्वरक की होम डिलीवरी सुविधा (RBK) शुरू की_______**आंध्र प्रदेश।**

**नोट:**

- POS 3.1 वर्जन के तहत, महामारी की स्थिति को ध्यान में रखते हुए, संपर्क रहित ओटीपी आधारित प्रमाणीकरण विकल्प पेश किया गया है।
- किसान फिंगर प्रिंट सेंसर को छुए बिना उर्वरक खरीद सकेंगे।
- SMS गेटवे किसानों को समय-समय पर उन खुदरा बिक्री केंद्रों पर उर्वरक की उपलब्धता के बारे में SMS भेजेगा जहां से उन्होंने अंतिम बार उर्वरक खरीदा था।

**2.** किस रेलवे जोन ने मूल स्थान से गंतव्य तक पूरी यात्रा के दौरान ट्रेन में महिला यात्रियों की सुरक्षा को बढ़ाने के लिए "ऑपरेशन माय सहेली" प्रॉजेक्ट की शुरुआत की ______**दक्षिण पूर्वी रेलवे।**

**नोट:**

- 18 सितंबर 2020 के बाद से, प्रॉजेक्ट "ऑपरेशन माय सहेली" का प्रायौगिक संस्करण 3 ट्रेनों: हावड़ा-यशवंतपुर दुरंतो स्पेशल, हावड़ा-अहमदाबाद स्पेशल और हावड़ा-मुंबई स्पेशल में शुरू किया गया है।
- "ऑपरेशन माय सहेली" को "निर्भया फंड" फ्रेमवर्क के तहत कार्यान्वित किया गया है और रेलवे की ओर से कोई अतिरिक्त खर्च नहीं दिया गया है।

**3.** उच्च शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययनरत एससी छात्रों में नवाचार और उद्यम को बढ़ावा देने के लिए "अंबेडकर सोशल इनोवेशन एंड इनक्यूबेशन मिशन (ASIIM)" की शुरुआत किसने की______**थावरचंद गहलोत।**

**नोट:**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- उच्च शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययनरत एससी छात्रों में नवाचार और उद्यम को बढ़ावा देने के लिए अनुसूचित जाति (SC) वेंचर कैपिटल फंड के तहत मिशन शुरू किया गया है।
- इस फंड का उद्देश्य एससी उद्यमियों की संस्थाओं को रियायती वित्त प्रदान करना है।

**4.** नीति आयोग और भारत में किस देश के दूतावास ने स्वच्छ और अधिक ऊर्जा हेतु विकार्बनीकरण और ऊर्जा परिवर्तन एजेंडा के लिए स्टेटमेंट ऑफ इंटेंट (SoI) पर हस्ताक्षर किए हैं ______**नीदरलैंड।**

**नोट:**

- साझेदारी का केंद्र बिंदु दोनों संस्थाओं की विशेषज्ञता का लाभ उठाकर नवीन तकनीकी समाधानों का सह-निर्माण करना है।
- इस सहयोग के माध्यम से, नीति आयोग और डच दूतावास एक मंच स्थापित करने हेतु एक रणनीतिक साझेदारी का प्रयास करते हैं जो नीति निर्माताओं, उद्योग संस्थाओं, OEM, निजी उद्यमों और क्षेत्र विशेषज्ञों सहित हितधारकों तथा प्रभावकारी व्यक्तियों के बीच व्यापक सहयोग को सक्षम बनाता है।

**5.** भारत किस निर्माणाधीन एक्सप्रेसवे पर पहले पांच पशु ओवरपास का निर्माण करेगा _______ **दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे।**

**नोट:**

- यह योजना राजस्थान में रणथंभौर और मुकुंदरा (दर्रा) वन्यजीव अभयारण्यों को जोड़ने वाले रणथंभौर वन्यजीव कॉरिडोर में कोई गड़बड़ी न हो, ऐसा सुनिश्चित करने के लिए बनाई गई है।
- पशु पुलों की योजना को केंद्रीय वन्यजीव बोर्ड द्वारा मंजूरी दी गई है। राजस्थान सरकार ने भी इस परियोजना को मंजूरी दे दी है।

**6.** किस झील में प्रवासी पक्षियों के लिए अस्थायी प्राकृतिक वास होंगे _______**सांभर।**

**नोट:**

- राजस्थान सरकार इस वर्ष के सर्दियों के मौसम से पहले प्रसिद्ध सांभर झील के पास प्रवासी पक्षियों के लिए अस्थायी प्राकृतिक वास का निर्माण करेगी, जब मध्य एशिया के ठंडे उत्तरी क्षेत्रों से भारी संख्या में मेहमान पक्षियों के देश के सबसे बड़े अंतर्देशीय खारे पानी के जल निकाय में पहुंचने की उम्मीद है।
- पिछले वर्ष झील में एवियन बोटुलिज़्म के कारण 20,000 से अधिक प्रवासी पक्षियों की मौत हो गई थी।

**7.** विदेशी और स्थानिक भारतीय शोधकर्ताओं और शिक्षाविदों की वर्चुअल समिट "वैश्विक भारतीय वैज्ञानिक (VAIBHAV) समिट 2020" का उद्घाटन किसने किया_______ **नरेंद्र मोदी।**

**नोट:**

- शिखर सम्मेलन के दौरान उन्होंने स्वदेशी वैक्सीन उत्पादन को प्रोत्साहित किया।
- शिखर सम्मेलन का उद्देश्य वैश्विक विकास के उद्देश्य से भारत में शैक्षणिक और S&T (विज्ञान और प्रौद्योगिकी) आधार को मजबूत करने हेतु सहकार्य तंत्र पर विचार-विमर्श करने के लिए दुनिया भर के शैक्षणिक संस्थानों और R&D संगठनों में भारतीय मूल के विशेषज्ञों को एक मंच पर लाना है।

**8.** कोल माइंस प्रोविडेंट फंड ऑर्गनाइजेशन (CMPFO) ने भविष्य निधि और पेंशन संबंधी अपनी संपूर्ण गतिविधियों को डिजिटल बनाने के लिए कौन सी पहल शुरू की है_______**सुनिधि (SUNIDHI)।**

**नोट:**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- कोयला मंत्रालय के अधीन एक सांविधिक निकाय CMPFO कोयला खदान श्रमिकों के लिए भविष्य निधि, पेंशन और जमा बीमा की विभिन्न योजनाओं का संचालन करता है।
- इस परियोजना का उद्घाटन कोयला सचिव अनिल कुमार जैन और कोल इंडिया लिमिटेड (CIL) के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल की वर्चुअल उपस्थिति में किया गया।

**9.** चारधाम सड़क परियोजना में पर्यावरणीय उल्लंघनों का आकलन करने के लिए किस संवैधानिक संस्थान ने रवि चोपड़ा समिति का गठन किया_______**सर्वोच्च न्यायालय।**

**नोट:**

- सर्वोच्च न्यायालय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12000 करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी परियोजना की निगरानी के लिए HPC को नियुक्त किया, जिसका उद्देश्य चारधामों को जोड़ने वाली 889 किमी सड़क को चौड़ा करना है।
- समिति ने आरोप लगाया है कि चारधाम सड़क परियोजना ने न्यायालय के आदेश का उल्लंघन किया है।
- सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला दिया था कि चारधाम परियोजना के तहत निर्मित सड़कों की चौड़ाई 5.5 मीटर होगी। पहाड़ी सड़कों के लिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (MoRTH) की सिफारिश के आधार पर यह फैसला सुनाया गया।

**10.** पूर्णतया सौर ऊर्जा संचालित भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (AAI) का पहला हवाई अड्डा _______ **पुदुचेरी हवाई अड्डा।**

**नोट:**

- 500KWp का जमीन पर स्थापित सौर ऊर्जा संयंत्र 2 अक्टूबर 2020 को चालू किया गया था।
- संयंत्र की अनुमानित लागत 2.8 करोड़ रुपये है।
- पूर्णतया विद्युत-तटस्थ होने के साथ, पुडुचेरी हवाई अड्डा अपनी संपूर्ण विद्युत आवश्यकता को सौर ऊर्जा संयंत्र के माध्यम से पूरा करने में सक्षम होगा।

**11.** किस राज्य की रेड चेरी मिर्च "डल्ले खुर्सानी" ने केंद्रीय उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग से भौगोलिक संकेत (GI) टैग अर्जित किया_______**सिक्किम।**

**नोट:**

- उल्लेखनीय रूप से, इसे दुनिया की सबसे तीखी मिर्च माना जाता है। डल्ले खुर्सानी का दाम आज स्थानीय बाजार में अधिकतम 480 रुपये प्रति किलोग्राम है।
- सिक्किम की ओर से नॉर्थ ईस्टर्न रीजनल एग्रीकल्चरल मार्केटिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड (Neramac) द्वारा दायर एक आवेदन के आधार पर भारत सरकार की GI रजिस्ट्री में डल्ले खुर्सानी को शामिल किया गया।
- यह कहा गया है कि डल्ले खुर्सानी उत्पादों का सबसे बड़ा निर्माता राज्य सरकार के स्वामित्व वाला सिक्किम सुप्रीम है।

**12.** भारतीय सांकेतिक भाषा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र (ISLRTC) ने शैक्षणिक सामग्री को भारतीय सांकेतिक भाषा में परिवर्तित करने के लिए किस संगठन के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं_______ **NCERT।**

**नोट:**

- सभी शिक्षण सामग्री के सांकेतिक भाषा में रूपांतरण से शारीरिक अक्षमता के बावजूद सभी को समान अवसर की अवधारणा को बल मिलेगा।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- ISLRTC और NCERT के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर कार्यक्रम में NCERT, ISLRTC, और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अन्य सदस्यों के साथ केंद्रीय शिक्षा मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक शामिल हुए।

**13.** आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने पीएम स्वनिधि योजना के तहत किस ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से स्ट्रीट फूड वेंडर्स को जोड़ने के लिए डिलीवरी प्लेटफॉर्म के साथ एक समझौता ज्ञापन किया________**स्विगी।**

**नोट:**

- समझौता ज्ञापन का उद्देश्य स्ट्रीट फूड वेंडर्स को हजारों उपभोक्ताओं तक ऑनलाइन पहुंच प्रदान करना और उनके व्यवसायों को बढ़ाने में उनकी मदद करना है।
- मंत्रालय और स्विगी पांच शहरों: अहमदाबाद, चेन्नई, दिल्ली, इंदौर और वाराणसी में 250 वेंडर्स को जोड़कर एक आरंभिक कार्यक्रम चलाएंगे।

**14.** किस राज्य / केंद्रशासित प्रदेश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अक्टूबर 2020 में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण अटल टनल का उद्घाटन किया______**हिमाचल प्रदेश।**

**नोट:**

- 9.02 किलोमीटर लंबी सुरंग का निर्माण सीमा सड़क संगठन (BRO) ने 3,300 करोड़ की लागत से किया है।
- यह मनाली और लाहौल-स्पीति घाटी को जोड़ती है।
- सुरंग औसत समुद्र तल (MSL) से 3000 मीटर (10, 000 फीट) की ऊंचाई पर हिमालय की पीरपंजाल श्रृंखला में बनी है।

**15.** किस केंद्रीय कारागार ने राष्ट्रपिता की 151वीं जयंती के अवसर पर 'रेडियो प्रिज़न' शुरू किया_______**साबरमती सेंट्रल जेल।**

**16.** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ नेचुरोपैथी की जनजातीय इकाई का उद्घाटन भारत के किस शहर में किया गया _______**पुणे।**

**नोट:**

- यह क्षेत्र में आदिवासी आबादी को नि:शुल्क नैदानिक सेवाएं प्रदान करेगी।
- स्वास्थ्य अनुरक्षण के लिए आदिवासी प्रथाओं पर एक अनुसंधान इकाई भी स्थापित की गई थी और यह "ज्ञान का भंडार होगी और आदिवासी लोगों की शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य समस्याओं के क्षेत्रों में काम करेगी"।

**17.** सभी चीनी विदेशी निवेश प्रस्तावों की जांच के लिए भारत सरकार द्वारा गठित स्क्रीनिंग पैनल की अध्यक्षता कौन करेगा _________**अजय कुमार भल्ला।**

**नोट:**

- चीन से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) से संबंधित 100 से अधिक प्रस्ताव लंबित हैं।
- स्क्रीनिंग पैनल का नेतृत्व गृह सचिव अजय कुमार भल्ला करेंगे और पैनल में उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (DPIIT) के सचिव सदस्य के रूप में हैं।

## महत्वपूर्ण समाचार - राज्य

**1.** किस राज्य सरकार ने वापस आए प्रवासी श्रमिकों के लिए 'लाइवलीहुड जनरेशन प्रोग्राम' शुरू किया_______**नागालैंड।**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

**नोट:**

- राज्य सरकार, पूर्वोत्तर परिषद के समर्थन से प्रारंभ में 'लाइवलीहुड जनरेशन प्रोग्राम फॉर रिटर्नड मरइग्रेंट वर्कर्स' योजना के तहत वापस आए ऐसे 100 प्रवासी श्रमिकों को प्रशिक्षित करेगी।

2. आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई.एस. जगनमोहन रेड्डी ने वाईएसआर जल कल योजना शुरू की जिसके तहत किसानों को प्रदान किए जाएंगे ________**नि:शुल्क बोरवेल।**

**नोट:**

- सरकार ने कहा कि लगभग तीन लाख किसान योजना से लाभान्वित होंगे और चार वर्ष में 2,340 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत के साथ खेती के तहत पांच लाख एकड़ भूमि को कवर किया जाएगा।
- पात्र किसान ऑनलाइन या ग्राम सचिवालय के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। जल विज्ञान और भू-भौतिकीय सर्वेक्षणों के बाद आवेदनों को मंज़ूरी दी जाएगी।

3. युद्ध प्रदूषण के विरुद्ध अभियान किस राज्य द्वारा चलाया गया_______**दिल्ली।**

**नोट:**

- अभियान के तहत शहर में अभिज्ञात 13 प्रदूषण हॉटस्पॉटों में से प्रत्येक के लिए अलग से विस्तृत योजना तैयार की गई है।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली और आस-पास के क्षेत्रों में उच्च प्रदूषण स्तर का एक प्रमुख कारण पराली का जलना है।

4. किस राज्य सरकार ने अपने "आत्मनिर्भर" कार्यक्रम के तहत कृषि और पशुपालन समर्थन हेतु एक कार्य योजना शुरू की_______**गोवा।**

**नोट:**

- सरकार ने डेयरी और मुर्गी पालन को बढ़ावा देने समेत 'आत्मानिर्भर भारत स्वयंपूर्ण गोवा कार्यक्रम' (ABSGP) के तहत कई पहलों की घोषणा की है।
- यह कृषि क्षेत्रों में जंगली जानवरों और मवेशियों के 'खतरे' की जांच से संबंधित है।
- किसानों की मदद के लिए, फसल बीमा और बाड़ लगाने का काम किया जाएगा। बागवानी खेती, कृषि उपकरण की खरीद, और औषधीय पौधों की संधारणीय कटाई को भी इससे मदद प्रदान की जाएगी।

5. रसायन तथा उर्वरक मंत्री डी.वी. सदानंद गौड़ा ने किस राज्य में किसानों के लिए उर्वरकों की होम डिलीवरी सुविधा का शुभारंभ किया_______**आंध्र प्रदेश।**

**नोट:**

- गौड़ा ने राज्य में किसानों के लिए POS 3.1 सॉफ्टवेयर, SMS गेटवे और उर्वरकों की होम डिलीवरी सुविधा शुरू की।
- किसान फिंगरप्रिंट सेंसर को छुए बिना उर्वरक खरीद सकेंगे।
- राज्य सरकार ने किसानों को गुणवत्तापूर्ण निविष्टि और संबद्ध सेवाएं प्रदान करने के लिए सभी ग्राम पंचायतों में 10,641 रायथू भरोसा केंद्रालू लॉन्च किए हैं।

6. किस राज्य सरकार ने सड़क मरम्मत के लिए 'पथश्री अभिजान' योजना शुरू की है______**पश्चिम बंगाल।**

**नोट:**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- यह एक सड़क मरम्मत योजना है, जहां राज्य भर में 12,000 किलोमीटर सड़कों में से 7,000 किमी से अधिक की मरम्मत की जाएगी।
- पश्चिम बंगाल सरकार ने उन सड़कों की एक सूची बनाई है, जिनकी सरकार की 'दीदी के बोलो' पहल के माध्यम से राज्य के लोगों के उन तक पहुंचाने के बाद नई योजना के तहत मरम्मत की जाएगी।

**7.** किस राज्य सरकार ने एक ऑनलाइन पेंशन सबमिशन और ट्रैकिंग सिस्टम पोर्टल 'कृतज्ञता' लॉन्च किया________**असम।**

**नोट:**

- पोर्टल की मदद से, सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी, पेंशन से संबंधित कागजात ऑनलाइन जमा करने के अलावा अपनी पेंशन की स्थिति की जांच कर पाएंगे। यह पोर्टल भारत सरकार के 'भविष्य' पोर्टल की तर्ज पर बनाया गया है।

## महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

**1.** किस मानवाधिकार संगठन ने यह आरोप लगाते हुए अपने आठ वर्ष के सफल परिचालन के बाद भारत में अपने कामकाज को समाप्त करने की घोषणा की है कि सरकार द्वारा संदिग्ध व्यक्ति की खोज में उसके बैंक खाते को फ्रीज कर दिया गया ________**एमनेस्टी इंटरनेशनल।**

**नोट:**

- प्रवर्तन निदेशालय द्वारा संगठन के खातों को फ्रीज करने के हालिया कदम के बाद आया फैसला लगभग 150 कर्मचारियों को प्रभावित करेगा।

**2.** भारत किस देश के साथ हिंद महासागर क्षेत्र में तेल के अवैध रिसाव की निगरानी हेतु समुद्री निगरानी उपग्रह समूह लॉन्च करेगा________**फ्रांस।**

**नोट:**

- अगस्त 2020 में, इसरो और फ्रांसीसी अंतरिक्ष एजेंसी CNES ने एक उपग्रह समूह के विकास और निर्माण के लिए सहमति व्यक्त की थी।
- CNES (Centre National d'etudesspatiales), फ्रांस का राष्ट्रीय अंतरिक्ष अध्ययन केंद्र है। उपग्रह ऑप्टिकल-रिमोट सेंसिंग उपकरण, टेलीकम्यूनिकेशन और रडार उपकरण साथ ले जाएंगे।

**3.** कौन सा देश संसाधनों की पहचान और उनके निष्कर्षण के लिए नवंबर 2020 तक दुनिया के पहले माइनिंग रोबोट 'एस्टेरॉइड माइनिंग रोबोट' को अंतरिक्ष में भेजेगा________**चीन।**

**नोट:**

- माइनिंग रोबोट को एक चीनी लॉन्ग मार्च सीरीज रॉकेट द्वारा अंतरिक्ष में लॉन्च किया जाएगा।
- 30-ग्राम का स्पेसक्राफ्ट, NEO-1, चीनी लॉन्ग मार्च रॉकेट पर द्वितीयक पेलोड के रूप में लॉन्च किए जाने की संभावना है।
- इस कंपनी का एक अन्य मिशन, युआनवांग -1 ('लुक अप -1'), उपनाम लिटिल हबल' है, जिसे 2021 के अंत या 2022 के प्रारंभ में लॉन्च किया जाएगा।

**4.** किस संगठन ने ग्राहक सहायता के माध्यम से छोटे व्यवसायों का समर्थन करने और मांग संचालन के लिए अपने राष्ट्रव्यापी अभियान 'मेक स्मॉल स्ट्रॉन्ग' की शुरुआत की घोषणा की________**गूगल।**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

**नोट:**

- ‘मेक स्मॉल स्ट्रॉन्ग’ अभियान का अर्थ है छोटे व्यवसायों के लिए नागरिकों से समर्थन हासिल करना।
- नागरिक स्थानीय स्तर पर सामान खरीदकर, रिव्यू तथा रेटिंग देकर और सोशल मीडिया पर अपने पसंदीदा खुदरा विक्रेताओं को प्रोत्साहित करके छोटे व्यवसायों की मदद कर सकते हैं।

**5.** किस देश ने अनौपचारिक क्षेत्र के श्रमिकों, लघु उद्यमों की सहायता करने के लिए भारत को 1.9 मिलियन डॉलर देने की प्रतिबद्धता जताई है________**अमेरिका।**

**नोट:**

- अमेरिकी लोगों द्वारा भारत में भागीदारों के लिए यूएस एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (USAID) से उदारतापूर्वक विस्तारित वित्तीय सहायता स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं के पुनर्निर्माण और भारतीयों की आजीविका में सुधार के प्रयासों में मदद करेगी जो इस महामारी से अत्यधिक प्रभावित हुए हैं।

**6.** भारत 100-बेड वाला कैंसर अस्पताल और 22,000 सीट वाला क्रिकेट स्टेडियम किस देश में बनाएगा ________ **मालदीव।**

**नोट:**

- यह परियोजना स्वास्थ्य क्षेत्र में पहले से ही गहरे द्विपक्षीय सहयोग पर आधारित होगी और इसमें मानव संसाधन विकास का एक मजबूत घटक शामिल होगा।
- LoC (लाइन ऑफ क्रेडिट) के अंतर्गत आने वाली परियोजनाओं में कई बुनियादी ढांचा विकास परियोजनाएं शामिल हैं।

**7.** 17 नवंबर 2020 को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित होने वाले 12वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता कौन सा देश करेगा ________**रूस।**

**नोट:**

- ब्रिक्स देशों के नेताओं की बैठक का विषय “BRICS Partnership for Global Stability, Shared Security and Innovative Growth” है।
- इस वर्ष शिखर सम्मेलन रूस की अध्यक्षता में आयोजित किया जा रहा है और इसका उद्देश्य सदस्य देशों के बीच बहुआयामी सहयोग है।

## सम्मान एवं पुरस्कार

**1.** केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में घोषित शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार घोषित किया गया, यह किस क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया जाता है_______**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी।**

**नोट:**

- यह पुरस्कार सात क्षेत्रों - जीवविज्ञान, रसायन विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, इंजीनियरिंग, गणित, चिकित्सा और भौतिकी में उत्कृष्ट अनुसंधान के लिए 45 वर्ष से कम आयु के भारतीय वैज्ञानिकों को दिया जाता है।
- पुरस्कार एक ऐसे व्यक्ति को दिया जाता है, जिसने CSIR की राय में, मानव ज्ञान और मूल तथा प्रायौगिक प्रगति के लिए उद्यम क्षेत्र में महत्वपूर्ण और उत्कृष्ट योगदान दिया है, जो कि उनकी विशेषज्ञता है।

**2.** किस राज्य की ‘ह्यूमन बाय नेचर प्रिंट कैंपेन’ ने मार्केटिंग के लिए प्रेस्टीजियस पैसिफिक एशिया ट्रैवल एसोसिएशन (PATA) ग्रैंड टाइटल विजेता 2020 का पुरस्कार जीता_______**केरल।**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

**नोट:**

- बीजिंग में वर्चुअल PATA ट्रैवल मार्ट 2020 के एक समारोह के दौरान पुरस्कारों की घोषणा की गई।
- PATA पुरस्कार मकाउ गवर्नमेंट ट्रैवल ऑफिस (MGTO) द्वारा समर्थित और प्रायोजित है।
- 'ह्यूमन बाय नेचर' वर्ष 2018 की बाढ़ और निपाह के प्रकोप से प्रभावित पर्यटन को पुनर्जीवित करने के लिए एक मार्केटिंग रणनीति थी।

**3.** फिजियोलॉजी या मेडिसिन में 2020 का नोबेल पुरस्कार किसने जीता________ **हार्वे जे. अल्टर, माइकल ह्यूटन और चार्ल्स एम. राइस।**

**नोट:**

- 2020 में फिजियोलॉजी या मेडिसिन का नोबेल पुरस्कार हार्वे जे. अल्टर, माइकल ह्यूटन और चार्ल्स एम. राइस को "हेपेटाइटिस C वायरस की खोज" के लिए दिया गया है, जिसकी घोषणा स्टॉकहोम, स्वीडन में की गई।
- तीनों के काम से रक्त-जनित हेपेटाइटिस के एक मुख्य स्रोत की व्याख्या करने में मदद मिली, जिसे हेपेटाइटिस A और B वायरस द्वारा नहीं समझाया जा सकता था।

**4.** रवि संथानम किस बैंक के मुख्य विपणन अधिकारी (CMO) हैं, जिन्हें 'द वर्ल्ड्स मोस्ट इन्फ्लुएंशियल CMO' की फोर्ब्स सूची में शामिल किया गया है_________**HDFC बैंक।**

**नोट:**

- संथानम 39वीं रैंक पर शानदार सूची में शामिल होने वाले किसी भारतीय कंपनी के एकमात्र CMO है जिसमें एप्पल, बीएमडब्ल्यू, लेगो, एडोब, माइक्रोसॉफ्ट, P&G के विपणन प्रमुख शामिल हैं।
- फोर्ब्स द्वारा अनुसंधान भागीदारों स्प्रिंकलर और लिंक्डइन के साथ जारी की गई इस वार्षिक सूची का यह 8वां संस्करण है। इस वर्ष, 427 वैश्विक CMO विचार के योग्य थे। यह प्रभाव का आकलन करने के लिए समाचार रिपोर्टों, वेबसाइटों और सोशल नेटवर्क के डेटा का उपयोग करके तैयार की जाती है।

**5.** किस देश के प्रजातंत्र प्रचारक एलेस बियालत्सकी को अन्य तीन लोगों के साथ स्वीडिश सम्मान जिसे कभी-कभी "वैकल्पिक नोबेल पुरस्कार" भी कहा जाता है, से सम्मानित किया गया_________**बेलारूस।**

**नोट:**

- बेलारूस के एलेस बियालत्सकी और उनकी NGO वियास्ना, ईरान की नसरीन सोतौदेह, अमेरिका के ब्रायन स्टीवेन्सन और निकारागुआ की स्वदेशी अधिकार एवं पर्यावरण कार्यकर्ता लोट्टी कनिंघम व्रेन ने राइट लाइवलीहुड अवार्ड साझा किया।
- यद्यपि राइट लाइवलीहुड अवार्ड को "वैकल्पिक नोबेल पुरस्कार" कहा जाता है, लेकिन यह नोबेल पुरस्कार नहीं है।

**6.** व्यक्ति के किस समूह ने 2020 का भौतिकी का नोबेल पुरस्कार जीता _______ **रोजर पेनरोज़, रेनहार्ड जेनजेल और एंड्रिया घेज़।**

**नोट:**

- भौतिकी 2020 नोबल पुरस्कार तीनों में बांटा गया, इसका आधा भाग रोजर पेनरोज को इस खोज के लिए दिया गया था कि ब्लैक होल का निर्माण सामान्य आपेक्षिकता के सिद्धांत का एक मजबूत पूर्वानुमान है।
- शेष आधा भाग रेनहार्ड जेनजेल और एंड्रिया घेज़ को हमारी आकाशगंगा के केंद्र में सुपरमैसिव कॉम्पेक्ट ऑब्जेक्ट की खोज के लिए संयुक्त रूप से दिया गया।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

7. इंडो-अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स (IACC) द्वारा आजीवन उपलब्धि पुरस्कार से किसे सम्मानित किया गया________ **रतन टाटा।**

**नोट:**

- इंडो-अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स (IACC) ने भारतीय व्यापार आइकन रतन टाटा को महामारी के कारण एक गुप्त बैठक के लिए आजीवन उपलब्धि पुरस्कार से सम्मानित किया है।
- रतन टाटा, जिन्होंने 2011-12 तक भारत के सबसे बड़े समूह 'द टाटा ग्रुप' का राजस्व लगभग 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक बढ़ा दिया, वह आज भी एक प्रभावशाली उद्योगपति, समाजसेवी और मानवतावादी हैं।

8. महात्मा गांधी नेशनल फाउंडेशन द्वारा स्थापित 'गांधी' पुरस्कार के लिए किसे चुना गया______**संजय सिंह।**

**नोट:**

- उन्होंने इजराइल में एक निजी कंपनी मिस्टर जोश की बीयर की बोतलों से महात्मा गांधी के चित्र को हटाने में भारत के राजनयिक हस्तक्षेप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जिन्होंने इस मामले को सार्वजनिक किया।
- पुरस्कार में महात्मा गांधी की एक मूर्ति, 25,001 रुपये का नकद पुरस्कार और एक प्रमाण पत्र दिया जाता है।

## खेल समाचार

1. इंटरनेशनल ऑनलाइन शूटिंग चैंपियनशिप के पांचवें संस्करण में 10 मीटर एयर राइफल प्रतिस्पर्धा का स्वर्ण पदक किसने जीता ______ **विष्णु शिवराज पांडियन।**

**नोट:**

- दूसरा स्थान दुनिया के नंबर 27 खिलाड़ी फ्रांस के एतिने गेरमॉन्ड ने हासिल किया जबकि ऑस्ट्रिया के ओलंपिक कोटा विजेता मार्टिन स्ट्रेम्पल, जिन्होंने 631.4 का सर्वश्रेष्ठ क्वालीफाई स्कोर हासिल किया, तीसरे स्थान पर रहे।
- फाइनल में एकमात्र अन्य भारतीय प्रत्यूष अमन बारिक सातवें स्थान पर रहे।

2. इंटरनेशनल ऑनलाइन शूटिंग चैंपियनशिप (IOSC) के पांचवें संस्करण में 10 मीटर एयर पिस्टल प्रतिस्पर्धा किसने जीती ______ **यशस्विनी सिंह देसवाल।**

**नोट:**

- भारतीय ओलंपिक कोटा विजेता यशस्विनी सिंह देसवाल ने इंटरनेशनल ऑनलाइन शूटिंग चैंपियनशिप (IOSC) के पांचवें संस्करण में 10 मीटर एयर पिस्टल प्रतिस्पर्धा जीती।
- दूसरा स्थान मिस्र की अहमद नबील ने हासिल किया जबकि उनकी हमवतन येहया शम्स ने तीसरा स्थान हासिल किया। ऑस्ट्रिया की ओलंपिक कोटा विजेता सिल्विया स्टीनर चौथे स्थान पर रहीं।

3. किस राज्य ने विश्व पोस्टकार्ड दिवस के अवसर पर "भारत के पारंपरिक खिलौने" विषय पर "जौ कंधेई" नामक एक चित्र पोस्टकार्ड जारी किया______ **ओडिशा।**

**नोट:**

- विश्व पोस्टकार्ड दिवस प्रतिवर्ष 1 अक्टूबर को मनाया जाता है।
- देश भर के दस अन्य डाक सर्किलों ने भी इसी विषय पर समान पोस्टकार्ड जारी किए।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

➢ इसका उद्देश्य ओडिशा और देश के अन्य हिस्सों में पारंपरिक खिलौने बनाने वाले कारीगरों को प्रोत्साहित करना है।

4. खेल मंत्री किरेन रिजिजू ने किस खेल संगठन का नया लोगो लॉन्च किया_______**भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI)।**

**नोट:**

➢ नया लोगो देश में आधारिक खेल प्रतिभा की पहचान और विकास करने से लेकर खेल संबंधी उत्कृष्टता के निर्माण तक SAI के रूपांतरण सफर का प्रतीक है।

## पुस्तकें एवं लेखक

1. केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह द्वारा विमोचित "डिस्कवरिंग द हेरिटेज ऑफ असम" नामक पुस्तक के लेखक _______ **पद्मपणि बोरा।**

**नोट:**

➢ पुस्तक सबसे बड़े पूर्वोत्तर राज्य असम में विभिन्न जनजातियों और उपजनजातियों की विरासत, विश्वास, मान्यताओं और परंपराओं को दर्शाती है।

➢ पद्मपणि बोरा की पुस्तक से असम के अनदेखे पहलुओं के महान वैभव और कीर्ति को समझने में मदद मिलेगी।

2. "द वेरी, एक्सट्रीमली, मोस्ट नॉटी असुरा टेल्स फॉर किड्स" नामक बाल पुस्तक के लेखक _______**आनंद नीलकंठन।**

**नोट:**

➢ पुस्तक जुड़वां असुर भाई कुंडक्का और मंडक्का जो विद्यालय जाने से घृणा करते हैं, परेशान भस्मा और नाकुरा, भाई अतापी और वातापी और अन्य की कहानी बताती है।

➢ यह पुस्तक उन बच्चों को भारतीय पुराणों से परिचित कराती है जो इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स में लिप्त हैं।

➢ पुस्तक के चित्र सुभदीप रॉय और शिलादित्य बोस द्वारा बनाए गए हैं।

3. कॉफी-टेबल पुस्तक "बाबू - द अनफॉरगेटेबल' का विमोचन किसने किया _______**आनंद नीलकंठन।**

**नोट:**

➢ पुस्तक जुड़वां असुर भाई कुंडक्का और मंडक्का जो विद्यालय जाने से घृणा करते हैं, परेशान भस्मा और नाकुरा, भाई अतापी और वातापी और अन्य की कहानी बताती है।

➢ यह पुस्तक उन बच्चों को भारतीय पुराणों से परिचित कराती है जो इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स में लिप्त हैं।

➢ पुस्तक के चित्र सुभदीप रॉय और शिलादित्य बोस द्वारा बनाए गए हैं।

## विज्ञान एवं रक्षा

1. भारत वास्तविक नियंत्रण रेखा के अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में उपयोग के लिए स्प्रुट लाइट टैंक किस देश से खरीदेगा_________**रूस।**

**नोट:**

➢ उन्हें वास्तविक नियंत्रण रेखा के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में उपयोग के लिए खरीदा जा रहा है।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- ➢ स्प्रुट लाइट टैंक खरीदने की आवश्यकता चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा पर सीमा युद्धस्थिति बढ़ने के बाद हुई। नए टैंक का रूस में परीक्षण चल रहा है।

**2.** हाल ही में परीक्षण की गई स्वदेशी रूप से विकसित परमाणु सक्षम हाइपरसोनिक मिसाइल 'शौर्य' की मारक क्षमता_________**1000 किमी।**

**नोट:**

- ➢ सतह से सतह पर मार करने वाली टैक्टिकल मिसाइल, जो भारत की K-15 मिसाइल का स्थल रूपांतर है, की मारक सीमा 700 किमी से 1000 किमी तक है और यह 200 किलोग्राम से 1000 किलोग्राम तक पेलोड ले जाने में सक्षम है।
- ➢ यह 10 मीटर लंबी, 74 सेंटीमीटर व्यास वाली और 6.2 टन वजनी मिसाइल है। इसके ठोस प्रणोदक प्रयोग करने वाली दो स्टेज मिसाइल है।

**3.** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने ओडिशा के तट से दूर व्हीलर द्वीप पर SMART का सफलतापूर्वक परीक्षण किया, यह क्या है ________**टॉरपीडो।**

**नोट:**

- ➢ टॉरपीडो का परीक्षण ओडिशा तट से दूर व्हीलर द्वीप समूह से किया गया था। यह प्रक्षेपण भारत के लिए अपनी पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमता बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण है।
- ➢ SMART एक एंटी-सबमरीन टॉरपीडो सिस्टम है और दुनिया में सबसे तेज है। इसकी मारक सीमा 650 किमी है।

**4.** भारतीय तट रक्षक बल (ICG) का वह अपतटीय गश्ती जहाज जिसका कट्टुपल्ली बंदरगाह, चेन्नई, तमिलनाडु में औपचारिक रूप से अनावरण किया गया________**विग्रह।**

**नोट:**

- ➢ लार्सन एंड टुब्रो द्वारा निर्मित पोत, 2015 में रक्षा मंत्रालय द्वारा कंपनी को अनुबंधित किए गए OPV श्रृंखला के सात जहाजों में अंतिम है।
- ➢ यह पहली बार था जब एक निजी क्षेत्र के शिपयार्ड ने जहाजों की अपतटीय गश्ती पोत श्रेणी का डिजाइन और निर्माण कार्य किया है।

**5.** किस आईआईटी ने अस्पतालों या क्लीनिकों में जाए बिना डॉक्टरों से सहायता प्राप्त करने में सहायता हेतु टेलीमेडिसिन प्रणाली 'iMediX' शुरू की________ **IIT खड़गपुर।**

**नोट:**

- ➢ iMediX मरीजों को एक अस्पताल का एक विभाग चुनकर, अपनी शिकायतें दर्ज करके और आवश्यक चिकित्सा रिकॉर्ड अपलोड करके चिकित्सा परामर्श प्राप्त करने की अनुमति देता है। इसके बाद अस्पताल अनुरोध को संसाधित करके उन्हें डॉक्टर को भेजता है।
- ➢ प्रणाली iMediX जो किसी भी मानक इंटरनेट ब्राउज़र और मोबाइल डिवाइस से प्रयोग की जा सकती है, IIT खड़गपुर के कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग के शोधकर्ताओं द्वारा विकसित की गई है।

**6.** इसरो अपना शुक्र मिशन किस वर्ष लॉन्च करेगा_________**2020।**

**नोट:**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- रूसी संघीय अंतरिक्ष एजेंसी रोस्कोस्मोस और फ्रांस के राष्ट्रीय वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्र CNRS से जुड़ी वायुमंडल, पर्यावरण और अंतरिक्ष अवलोकन प्रयोगशाला LATMOS के साथ सह-विकसित VIRAL (वीनस इन्फ्रारेड एटमॉस्फेरिक गैसेस लिंकर) उपकरण को इसरो द्वारा अनुरोध प्रस्तावों के बाद चुना गया।

**7.** DRDO के किस प्रतिष्ठान ने लेजर-गाइडेड एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल (ATGM) विकसित की है जिसका हाल ही में हाल ही सफल परीक्षण किया गया________**अर्मामेंट रिसर्च एंड डेवलपमेंट इश्टैब्लिशमेंट।**

**नोट:**

- ATGM 1.5 से 5 किलोमीटर की दूरी पर विस्फोटक प्रतिक्रिया बख्तर सुरक्षित बख्तरबंद वाहनों को भेदने के लिए एक अनुबद्ध हीट विस्फोटक प्रयोग करता है।
- यह लेजर गाइडेड मिसाइल आर्मामेंट रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट, पुणे द्वारा हाई एनर्जी मेटेरियल रिसर्च लेबोरेटरी, पुणे और IRDE, देहरादून के सहयोग से विकसित किया गया है।

**8.** भारतीय तट रक्षक बल के तेज गश्ती पोत (FPV) ICGS 'कनकलता बरुआ' को कहां पर कमीशन किया गया________ **कोलकाता।**

**नोट:**

- ICGS कनकलता बरुआ रक्षा सरकारी उपक्रम GRSE द्वारा भारतीय तटरक्षक बल के लिए निर्मित पांच FPV में से एक है।
- FPV का पूरा डिजाइन भारतीय तटरक्षक बल की निर्दिष्ट आवश्यकताओं के अनुसार GRSE द्वारा स्वदेश में विकसित किया गया है।

**9.** द्विपक्षीय नौसेना अभ्यास 'बोंगोसागर' हाल ही में किन दो देशों के बीच आयोजित किया गया________ **भारत और बांग्लादेश।**

**नोट:**

- भारतीय और बांग्लादेश की नौसेना के बीच द्विपक्षीय अभ्यास का दूसरा संस्करण उत्तरी बंगाल की खाड़ी में शुरू हुआ।
- अभ्यास का उद्देश्य व्यापक समुद्री अभ्यास और ऑपरेशन के आयोजन के माध्यम से पारस्परिकता और संयुक्त परिचालन कौशल विकसित करना है।

**--------------0--------------**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

gradeup

# Gradeup Green Card

## Features:

- 700 + Full-length Mocks
- 35+ Bank & Insurance Exams Covered
- Tests Available in English & Hindi
- Performance Analysis & All India Rank
- Previous Year Question Papers in Mock Format
- Available on Mobile & Desktop

GET IT ON Google Play

www.gradeup.co